# निवेशकों के विश्वास पर खरा उतरेगा नए भारत का नया उप्र : योगी

## मुख्यमंत्री ने इन्वेस्ट यूपी के नए कार्यालय का किया उद्घाटन

### निवेशकों से किया संवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बीते सात वर्षों में निवेश का अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए प्रदेश में बहुत से सुधार किए गए हैं, इन्हें आगे भी जारी रखा जाएगा। मंगलवार को पिकअप भवन में इन्वेस्ट यूपी के नए कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर उद्यमियों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-दुनिया के निवेशकों ने हम पर विश्वास जताया है। उनके विश्वास पर नए भारत का, नया उत्तर प्रदेश पूरी तरह खरा उतरेगा और उन्हें स्वच्छ-सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 व 2017 के तहत निवेशकों को लेटर आफ कंफर्ट का वितरण किया, साथ ही 'उद्यमी मित्र' पुस्तक का भी विमोचन किया।



पिकअप भवन में इन्वेस्ट यूपी के नए कार्यालय का उद्घाटन करते सीएम योगी • सूचना विभाग

सीएम योगी ने कहा कि 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के साथ ही अभी हाल में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। सात वर्ष पहले यह एक कल्पना थी, जो आज हकीकत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक एयरपोर्ट यूपी में क्रियाशील हैं। प्रधानमंत्री ने दो दिन पूर्व आजमगढ़, श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। वहां वायु सेवा प्रारंभ हो चुकी है। आजमगढ़ जिसके नाम से पहले लोग डरते थे, आज वायु सेवा से जुड़ चुका है। एयरपोर्ट, हाईवे, यूनिवर्सिटी की स्थापना वहां हो चुकी हैं। श्रावस्ती से भी वायु सेवा प्रारंभ हो चुकी है। पहले यूपी में निवेश एनसीआर में ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद तक सीमित होता था। अब प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश हो रहा है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि निवेश नीतियों के दायरे में रहकर हम हर निवेशक को प्रोत्साहन नीतियों का लाभ उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आइआइडीसी मनोज कुमार सिंह, इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश, प्रमुख उद्योगपतियों में पीटीसी इंडस्ट्रीज की प्रमुख वित्त अधिकारी स्मिता अग्रवाल, एमकेयू लिमिटेड के चेयरमैन मनोज गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### इन कंपनियों को प्रदान किए गए लेटर आफ कंफर्ट

औद्योगिक नीति 2022 के तहत एलियांज डिस्टिलरी (मथुरा) के निदेशक संजय सांगवान और वरुण बेवरेजेज के नील कमल को लेटर आफ कंफर्ट प्रदान किए गया। वहीं, औद्योगिक नीति 2017 के तहत बिकानेरवाला फूड्स (गौतमबुद्ध नगर) के प्रबंध निदेशक श्याम सुंदर अग्रवाल, एवरी डेनिसन इंडिया (गौतमबुद्ध नगर) के निदेशक हेमंत तिवारी, स्पर्श इंडस्ट्रीज (कानपुर देहात) के चेयरमैन विजय कुमार अग्रवाल, राजश्री फाइन कैमिकल्स इंडस्ट्रीन (शाहजहांपुर) के प्रबंध निदेशक ऋषभ बंसल, वृंदावन एग्रो इंडस्ट्रीज (मथुरा) के सीनियर मैनेजर-कामर्शियल अंजुल शर्मा और अल्ट्राटेक सीमेंट (सोनभद्र) के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विनीत भटनागर को लेटर आफ कंफर्ट प्रदान किए गए। वहीं, खाद्य प्रसंस्करण नीति 2023 के तहत फार्च्यून राइस (अलीगढ व गौतमबुद्ध नगर), एसपीकेएन इंडस्ट्रीज (शाहजहांपुर), फ्रोस्टार फूड (मुरादाबाद), श्री बांके बिहारी फूड्स (संभल), गजानन एग्रो फूड्स (लखनऊ), वेदांत एग्री प्रमोसंस (संभल), मित्तल ड्राय फ्रूट्स (बिजनौर), विदुरभूमि एग्री (बिजनौर), भारतीयम फूड्स (लखनऊ) तथा कृष्णा एरोमैटिक्स (संभल) को प्रोत्साहन लाभ स्वीकृति आदेश वितरित किए।